हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025



# जिपं अध्यक्ष चुनने पर्यवेक्षक नियुक्त, निगम अध्यक्ष के लिए आज बैठक लेगी रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चुनावी प्रक्रिया निपटने के बाद अब शपथ ग्रहण के बीच निगम, जिला पंचायत और जनपद पंचायत अध्यक्ष के चयन प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो गई है। प्रदेश भाजपा ने सभी पद के लिए पर्यवेक्षक जिलेवार नियुक्त कर दिए हैं। अब अगले एक सप्ताह के भीतर सभी पर्यवेक्षक अपने प्रभार के जिलों में जाकर बैठक करेंगे। इसी के तहत आज राजनांदगांव नगर निगम अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी करने सांसद रूपकुमारी चौधरी राजनांदगांव आ रही है।



वे आज दोपहर करीबन दो बजे राजनांदगांव पहुंचेगी, जहां सभी पार्षदों से वन-टू-वन रायशुमारी करने के बाद जिला भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करेंगी। आज ही निगम अध्यक्ष को लेकर दो नामों का पैनल बना लिया जाएगा। हालांकि नाम की घोषणा आठ मार्च को ही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय के साथ त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भी भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है। जिसके बाद अब शपथ ग्रहण और अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया का काम शुरू हो गया है। भाजपा प्रदेश संगठन ने निगम अध्यक्ष, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के साथ ही जिला पंचायत और जनपद पंचायत का अध्यक्ष तय करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। अगले एक हफ्ते के भीतर सभी पद के लिए बैठक और रायशुमारी के बाद पर्यवेक्षक द्वारा नाम का चयन भी कर लिया जाएगा।

## नीलू शर्मा एमएमसी, रमेश पटेल केसीजी, भरत वर्मा बेमेतरा और सवन्नी नांदगांव जिपं प्रभारी

### इन दावेदारों के नाम आगे

निगम अध्यक्ष की रेस में भाजपा के आधा दर्जन दावेदारों के नाम चल रहे हैं। इनमें वरिष्ठ नेताओं में पारस वर्मा, शिव वर्मा और मणिभास्कर गुप्ता शामिल हैं। वहीं पहली बार पार्षद बनने वालों में आलोक श्रोती, शैंकी बग्गा, राजा माखीजा जैसे नाम शामिल हैं। भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी के तीन वरिष्ठ नेता अपने-अपने समर्थक को निगम अध्यक्ष बनाने के लिए जोर अजमाइश कर रहे हैं।



### इन नेताओं को मिला जिम्मा

जिला पंचायत चुनाव में भाजपा ने जोरदार प्रदर्शन करते राजनांदगांव, एमएमसी और केसीजी तीनों जिलों में बहुमत हासिल किया। भाजपा संगठन ने अध्यक्ष पद को लेकर अब पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। राजनांदगांव जिले के लिए भूपेंद्र सवन्नी, एमएमसी जिले में नीलू शर्मा और केसीजी जिला के लिए रमेश पटेल को पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं जिले के भाजपा नेता और प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा को बेमेतरा का पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### तीनों जिलों में महिला अध्यक्ष!

राजनांदगांव और केसीजी जिला पंचायत में अध्यक्ष का पद महिला अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित है। वहीं एमएमसी जिले में अध्यक्ष पद एसटी मुक्त वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। ऐसे में यह संभावना भी जताई जा रही है कि अविभाजित जिले की सभी तीन जिला पंचायत में महिला अध्यक्ष देखने को मिल सकती है। राजनांदगांव में किरण वैष्णव, एमएमसी में नम्रता सिंह और केसीजी में प्रियंका ताम्रकार के नाम प्रमुख बताए जा रहे हैं।

# चुनावी रंजिश के चलते पार्षद पर हमले का आरोप, वार्डवासियों ने घेरा चिखली चौकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड नंबर 6 शांतिनगर से नवनिर्वाचित पार्षद सुनील साहू पर चाकू से हमला किए जाने के मामले को लेकर वार्ड के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होता देख चिखली पुलिस चौकी का घेराव किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पांच वार्डों के नवनिर्वाचित पार्षद शिव वर्मा, आलोक श्रोती, श्रुति जैन, पारस वर्मा इस अंदोलन में शामिल हुए।

दरअसल शहर के शांतिनगर वार्ड नंबर 6 में संपन्न हुए पार्षद चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत और कांग्रेस प्रत्याशी की हार होने से यह मामला रंजिश में बदल गया है। भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षद सुनील साहू ने कांग्रेस के प्रत्याशी देवेश वैष्णव पर मतदाताओं के साथ गाली-गलौज का आरोप लगाया है। इस मामले में कांग्रेस प्रत्याशी सहित अन्य लोगों के खिलाफ बीते 22 फरवरी को चिखली पुलिस चौकी में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है, लेकिन इसके बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किए जाने से वार्ड के लोगों में नाराजगी है।



**दोनों को बराबर मत मिले थे :** वार्ड नंबर 6 से कांग्रेस के प्रत्याशी देवेश वैष्णव और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कन्हैया सुनील साहू को 1209 मत मिले थे। दोनों को बराबर मत मिलने से फैसला टाई हो गया था। इसके बाद लाटरी पद्धति से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की जीत हुई थी।

### मामले की जांच जारी

हमले के मामले में जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस पर उचित वैधानिक कार्रवाई होगी। पेड़ काटने और गाली-गलौज के मामले में पहले ही एफआईआर हो चुकी है।

**- पुष्पेंद्र नायक,** सीएसपी

### पुलिस के खिलाफ आक्रोश

भाजपा पार्षद पर हमले का विरोध करते हुए प्रदर्शन में पहुंचे नवनिर्वाचित पार्षद आलोक श्रोती ने कहा कि एफआईआर लिखवाने के बाद भी इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं जनप्रतिनिधि पर हमला हो रहा है, उसे गाली दिया जा रहा है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में पुलिस प्रशासन के खिलाफ लोगों में काफी आक्रोश है।

### पुलिस चौकी के बाहर प्रदर्शन

पुलिस चौकी का घेराव करते हुए वार्ड के लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी और उनके अन्य साथियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। वहीं पुलिस अधीक्षक को पुलिस चौकी बुलाने की मांग पर लोग अड़े रहे और पुलिस चौकी के गेट पर बैठकर घंटों प्रदर्शन किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मौके पर पहुंचने के बाद वार्ड के लोगों ने उनके सामने अपनी बात रखी।

### बीती रात हमला

चिखली पुलिस चौकी का घेराव करने पहुंचे पार्षद सुनील साहू ने कहा कि चुनाव में हार के बाद कांग्रेस प्रत्याशी देवेश वैष्णव वार्ड के लोगों को अपनी दादागिरी दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि उसके द्वारा मतदाताओं से गाली-गलौज की जा रही है। कुछ दिन पहले वार्ड के एक अधिवक्ता के साथ तूने मुझे वोट नहीं दिया है, कहकर मारपीट किया गया था। वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा किए गए वृक्षारोपण के पेड़ों को भी उसने कटवा दिया। जिसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी सहित अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर भी करवाई गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस मामले में मैं गवाही था, तो देर रात लगभग 12.30 बजे उसके लोगों ने मुझ पर चाकू से हमला किया।

## सांसद की पहल पर शहर में चौथे अंडरब्रिज को मिली स्वीकृति

# तुलसीपुर-मोतीपुर के बीच बनेगा अंडरब्रिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तुलसीपुर से मोतीपुर जाने वाली मार्ग पर रेलवे फाटक के बंद हो जाने से यहां का व्यवसाय चौपट हो गया था। वहीं आवागमन में लोगों को दिक्कतें होने लगी थी, जिसे देखते हुए स्थानीय व्यापारियों और लोगों द्वारा सांसद संतोष पांडे से यहां अंडरब्रिज बनाए जाने की मांग की गई थी।

जिसके बाद संसद में क्षेत्र का निरीक्षण कर रेल मंत्री को यहां अंडरब्रिज निमार्ण की स्वीकृति दिए जाने हेतु पत्र लिखा था, जिस पर रेलवे के इंजीनियरों ने मौका मुआयना कर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। अब इस जगह अंडरब्रिज बनाए जाने को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपनी स्वीकृति दे दी है। रेलवे फाटक के बंद होने से यहां का व्यापार भी ठप पड़ा हुआ है। रेलवे फाटक बंद हो जाने से यहां के दुकानदारों की बिक्री चौपट हो गई है। वहीं अब अंडरब्रिज निर्माण होने से एक बार फिर इस क्षेत्र में व्यापार के रास्ते खुल जाएंगे।

## फाटक बंद होने के बाद से अंडरब्रिज की तेज हुई थी मांग



### प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का अभार

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि जनसुविधा को ध्यान में रखते मोतीपुर रेलवे फाटक में अंडरब्रिज बनाने के लिए केन्द्रीय रेल मंत्री द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव का राजनांदगांव की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है।

### स्वीकृति से लोगों में हर्ष

मोतीपुर-तुलसीपुर रेलवे अंडरब्रिज की स्वीकृति मिलने से यहां के स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसके लिए राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे, स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह, पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।

### विद्यार्थियों को परेशानी

मोतीपुर-तुलसीपुर रेल फाटक के बंद हो जाने से इस क्षेत्र के लोगों को लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। मोतीपुर से तुलसीपुर जाने वाले लोगों को ममता नगर होकर जाना पड़ता है। वही सबसे बड़ी परेशानी स्कूली विद्यार्थियों को हो रही है। अब अंडरब्रिज स्वीकृत हो जाने से स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी।

### ममतानगर अंडरब्रिज का दबाव होगा कम

मोतीपुर-तुलसीपुर क्षेत्र में अंडरब्रिज निर्माण से ममतानगर अंडरब्रिज में वाहनों का दबाव कम होगा। अभी अंडरब्रिज पर पैदल यात्रियों से लेकर साइकिल सवार और भारी वाहन एक साथ गुजरते हैं। जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। वहीं जाम की स्थिति भी निर्मित होती है।



## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष के लिए भंडारी भी दावेदार



**मोहला।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत जिला पंचायत के 10 क्षेत्र के लिए पहली बार चुनाव संपन्न हुआ है। जिले के 10 में से 8 क्षेत्र में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों ने जीत दर्ज किया है। परिणाम घोषित होने के बाद अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी शुरू हो गई है। अविभाजित राजनांदगांव जिला में भी सदस्य रहे नरसिंह भंडारी ने इस बार वासड़ी क्षेत्र से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी नोहरू कुमेटी और कांग्रेस के बागी बीरेंद्र कुमार मसिया को हराया है। श्री भंडारी को जिला पंचायत अध्यक्ष का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। श्री भंडारी लगातार दो बार जीत दर्ज कर चुके हैं।

### वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन



**छुईखदान।** विकासखंड छुईखदान में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन एलडीएम की उपस्थिति मे जनपद पंचायत छुईखदान में किया गया। वित्तीय साक्षरता अंतर्गत वित्तीय समझदारी ,समृद्ध नारी, वित्तीय धोखाधड़ी, बचत, बजट, लोकपाल समेत म्युचअल फंड की जानकारी दी गईं। सुरक्षा बीमा एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने की जानकारी दिया गया। वित्तीय धोखाधड़ी से बचने हेतु टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में बताया गया। इस मौके पर काउसंलर बबीता मेश्राम की उपस्थिति में महिलाओं को उपयोगी जानकारी दी गई। इस मौके पर जनपद पंचायत के बीपीएम उपस्थित थे।

### पालिका का प्रथम सम्मिलन छह को

**डोंगरगढ़।** नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण, प्रथम सम्मिलन का आयोजन, उपाध्यक्ष एवं अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन एवं आगामी 6 मार्च को प्रातः 10 बजे छोटी माँ बम्लेश्वरी प्रांगण डोंगरगढ़ में किया गया है। दोपहर 2बजे से उपाध्यक्ष एवं अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन नगरपालिका परिषद में किया जाएगा।

### दसवीं के छात्रों को विदाई



**डोंगरगढ़।** डॉ आम्बेडकर विद्यालय में कक्षा 10वीं के छात्रों को 9वीं के विद्यार्थियों ने समारोह आयोजित कर विदाई दिया। प्रभारी प्राचार्य सूर्यवन्ता तुरे ने प्रारँभ में गौतम बुद्ध एवं डॉ. आम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में शिक्षक ए ब्राम्हणकर, आर मोहने, एम गजभिये, बी पोद्दार, एस पटेल, टी भावे, डी दुतारा, एच यादव, आर सक्सेना, पी बोम्बर्डे, जे बनाफर, इन्दुरकर आदि मौजूद थे। कक्षा नवमी के छात्रों ने बिदाई गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवमी के छात्र छात्राओं ने दसवी के छात्रों को गिफ्ट भेंटकर मिठाई खिलाया। दसवीं के छात्रों ने विद्यालय को कूलर भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन काजल यादव ने किया।

### बेलगांव क्षेत्र में भाजपा की जीत



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 बेलगांव हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है। इस क्षेत्र से इस बार भाजपा ने जीत दर्ज किया है। इस जीत का श्रेय भाजपा प्रभारी चंद्रिका डडसेना को दिया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस को परास्त करने कार्यकर्ताओं को एकजुट कर जीत का मंत्र दिया। उन्होंने गांव के बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रचार करने कहा जिसका असर चुनाव में देखने मिला। उन्होंने पूर्व विधायक विनोद खांडेकर के साथ गांव गांव का दौरा कर मतदाताओं को भाजपा अधिकृत प्रत्याशी किरण साहू के पक्ष में मतदान करने प्रेरित किया।

### नशा से दूर रहने का आह्वान



**डोंगरगढ़।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल बोरतलाव ने भुरसाटोला में शिविर का आयोजन किया। सहायक सेनानी राजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा बल ने वाटर टैंक, वाटर फिल्टर का वितरण किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी पुनित भगत ने ग्रामवासियों को नशा मुक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। जरूरत मंदो को दवाईया दिया गया।

### श्रद्धा से मनाया गाडगे जयंती



**डोंगरगढ़।** रजक समाज ने संत गाडगे बाबा की 149वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाया। इस मौके पर रजक समाज के अध्यक्ष कैलाश सोनवानी ने संत गाडगे महाराज के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने गरीब को शिक्षा देने, बेघर लोगों को आसराख विकलांग, बीमार की मदद करने कहा। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान गाडगे महाराज की देन है। इस मौके पर कृष्णा रजक, रवि बाघमारे , कमलेश निर्मलकर, देवीलाल रजक, बबलाराम निर्मलकर, राममनोहर रजक, गजानंद रजक, शंकर रजक, नरेन्द्र रजक, गौतम निर्मलकर, सन्नी निर्मलकर, राकेश निर्मलकर, रोशन निर्मलकर, राजा रजक, सवनीबाई सोनवानी, अमिताब सोनवानी, रविशंकर सोनवानी, भावना सोनवानी, भाव्या सोनवानी, नीराबाई रजक, दीपक रजक, गोविन्दा, कान्हा रजक, सुमित रजक, सारांश रजक, सौरभ, दीपक रजक आदि मौजूद थे।

## नलों से नहीं आ रहा पानी, हैंडपंप भी सूखने लगे

# गर्मी बढ़ने के साथ गांवों में गहराने लगा जल संकट

## पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्रामीण इलाके में पेयजल मुहैया कराने लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा रहा है पर जल की कमी के चलते ग्रामीणों को पेयजल के लिए रोज जद्दोजहद करना पड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के आश्रित ग्राम बेलगांव में ग्रामीणों की पेयजल समस्या दूर करने घर नल एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा चुका है। लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। पानी टंकी के निर्माण में हो रही देरी को देखते तथा पेयजल सप्लाई कररने कुछ माह पहले बोर से डायरेक्टर पाईप लाईन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा था जो अब माह भर से बंद है।



### पहले से परेशानी

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने जब खनन एवं टंकी निर्माण का कार्य शुरू किया गया था तब जल स्तर का परीक्षण किया गया था। जल स्तर होने के बाद भी निर्माण कार्य किया जाना समझ से परे है। जल स्तर में गिरावट के बाद नलों में पानी नहीं आ रहा है। लोग पानी के लिए भटक रहे हैं। ग्रीष्म ऋतु शुरू होने के पहले ही जल स्तर में गिरावट आने के बाद ग्रामीणों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के बाद समस्या और गंभीर हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि बोर खान एवं निर्माण कार्य ऐसी जगह करानपा था जहां पर्याप्त पानी हो।

### जलस्तर गिरा

जानकारी अनुसार बोर के जल स्तर में गिरावट आने से पानी सप्लाई अवरूद्ध हो गई है। तकनीकी सहायक की मदद से पुनः पाईप लाईन से जल आपूर्ति कराने का प्रयास किया गया पर सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों ने बताया कि जल स्तर में लगातार गिरावट के चलते बोर में पानी नहीं आ रहा है, जिसके कारण नलों में पानी आना बंद हो गया है। जानकारी अनुसार बोर की क्षमता के मुताबिक अतिरिक्त पाईप डाल कर मशीन को नीचे उतारा जा चुका है फिर पानी नहीं आ रहा है।

## 12वीं की परीक्षा का आगाज, दो केंद्रों में 360 छात्र हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



कक्षा 12 वीं की परीक्षा 1मार्च से शुरू हो गई है। पहले दिन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और स्व लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी हिंदी माध्यम उच्चतर विद्यालय में 360 विद्यार्थियों ने हिंदी विषय की परीक्षा दिया। परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा देकर निकले विद्यार्थियों ने बताया कि हिंदी का प्रश्न पत्र अपेक्षाकृत सरल था। कुछ विद्यार्थियों को खंड सी में कुछ कठिनाई महसूस हुई। स्व लाल मूरत सिंह खुशरो विद्यालय में कन्या विद्यालय की 167 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई। जबकि कन्या विद्यालय में खुशरो विद्यालय, पेंडरवानी, कटंगी और ठंडार के 193 छात्रों ने परीक्षा दिया।

### इंटरनेट, पत्रकारिता पर सवाल

इस वर्ष हिंदी प्रश्न पत्र में पत्रकारिता से संबंधित प्रश्न विद्यार्थियों में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इंटरनेट पत्रकारिता क्या है? संपादकीय का महत्व बताइए? जैसे प्रश्नों ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता और संपादकीय के महत्व पर विचार करने का अवसर दिया। इन प्रश्नों ने न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान का परीक्षण किया, बल्कि उन्हें समसामयिक विषयों के प्रति जागरूक किया।

### युवक ने लगाया फांसी

**डोंगरगढ़।** नगर के वार्ड 2 दंतेश्वरी पारा के युवक के फांसी लगाने की खबर से वार्ड में हड़कंप मच गया। पुलिस को मौका से सुसायडल नोट नहीं मिला है। पुलिस मौत का कारण जानने की कोशिश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नितेश कोटांगले पिता हरिराम कोटांगले निवासी वार्ड 2 दंतेश्वरी पारा ने बंशी किराना गली में घर के अंदर छत पर लगे रिंग में रस्सी के सहारे फंसी लगा लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक को फंदे से उतारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

## जनपद में भाजपा को बहुमत अध्यक्ष के लिए कवायद जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

25 सदस्यों वाली जनपद पंचायत में भाजपा का बहुमत होने के कारण अध्यक्ष- उपाध्यक्ष बनना तय है। जनपद अध्यक्ष का पद पिछडा महिला के लिए आरक्षित है। नवनिर्वाचित 25 सदस्यों में से 15 सदस्य घूमने जा चुके है जबकी अन्य 2 सदस्यों का भी भाजपा के साथ होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक एक गिरतावती, क्षेत्र 2 से अशोक नेताम, क्षेत्र 3 थनवार मंडावी, क्षेत्र 4 रेशमा टाकेश्वर कंवर, क्षेत्र 5 से सुरेश कुमार सेन, क्षेत्र 6 महेशकुमार सेन, क्षेत्र 7 उर्वशी वर्मा, क्षेत्र 8 प्रीति वैष्णव, क्षेत्र 9 मंजू वर्मा, क्षेत्र 10 सरिता ओम प्रकाश मंडावी, क्षेत्र 11 नीरजबाई छेदैया, क्षेत्र 12 जेठुराम कंवर, क्षेत्र 13 राजकुंवर कामडे, क्षेत्र 14 टामेश्वर साहु, क्षेत्र 15 उमेश कुमार साहू, क्षेत्र 16 पूजा चौधरी, क्षेत्र 17 सीमा ओम प्रकाश साहू, क्षेत्र




18 रामेश्वरी एवन वर्मा, क्षेत्र 19 अहिल्या रामेश्वर कंवर, क्षेत्र 20 हीराराम वर्मा, क्षेत्र 21 प्रतिमा खरे, क्षेत्र 22 दुर्गा प्रसाद रात्रे, क्षेत्र 23 गुलशन कुमार लिल्हारे, क्षेत्र 24 मनहरण सिन्हा और क्षेत्र क्रमांक 25 से लता सिन्हा निर्वाचित हुई है। भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए प्रमुख दावेदार के रूप में सीमा ओमप्रकाश साहु, रामेश्वरी एवन वर्मा एवं लता सिन्हा का नाम सामने आ रहा है।

## 263 से 38 लाख बकाया बिल वसूल

### 56 बकायेदारों के काटे गए बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बिजली का सतत उपयोग करने के बाद बिल अदा करने वाले उपभोक्ताओं से वसूली के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बकाया राजस्व वसूली के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डोंगरगांव संभाग अंतर्गत आने वाले कुमरदा, गैंदाटोला, खुज्जी, डोंगरगांव शहर एवं ग्रामीण वितरण केन्द्रों में बकायेदार 56 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के काटने की कार्रवाई किया गया। इस अभियान में 263 बकायादारों से 38 लाख 64 हजार रूपए वसूल किया गया।

श्री साहू ने बताया कि अन्य 263 बकायादार उपभोक्ताओं से 38 लाख 64 हजार भुगतान प्राप्त किया गया। अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित



मीटर रीडरों द्वारा किए जा रहे मीटर वाचन कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बकायादार उपभोक्ताओं से विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करने की अपील की है ताकि विच्छेदन की कार्यवाही के बाद होने वाली असुविधा से बचा जा सके।

### कार्रवाई सतत जारी रहेगी

गौरतलब है कि पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर बिजली बिल के भुगतान के लिए वितरण व्यवस्था की जाती है। उसके बाद बिजली बिल के देयकों के भुगतान में विलंब होने पर कई दफा सूचना देने के बाद भी बिल अदा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटनेकी कार्रवाई की जा रही है। डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता पीसी साहू ने बताया कि डोंगरगांव उपसंभाग स्तर पर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए 56 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 3 लाख 11 हजार बकाया था, का भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काट दिया गया है।

## दृष्टिबाधित कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति



**डोंगरगढ़।** सुजाता महिला बौद्ध समिति ने नागसेन बुद्ध विहार में माता रमाई, संत रविदास, छत्रपति शिवाजी, संत गाडगे महाराज की संयुक्त रूप से जयंती मनाया। इस मौके पर एक शाम महामानवों के नाम कार्यक्रम रखा गया। नागपुर से आए स्पर्श म्यूजिक ग्रुप के दृष्टिहीन कलाकारों द्वारा मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आरंभ में महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर बुद्ध वंदना किया गया। दृष्टिहीन कलाकारों ने बुद्ध, कबीर, महात्मा फुले, रमाई, बाबा साहेब आंबेडकर, संविधान गीत और प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। इन कलाकारों ने कई तरह की आवाजें व नेताओं की आवाजे निकाल कर प्रोग्राम को मनोरंजक बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदर्श बौद्ध महासभा के अध्यक्ष डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ,विशिष्ट अतिथि निर्भयदास चोखांन्द्रे थे। अंत में सुजाता महिला बौद्ध समिति की अध्यक्ष सविता मेश्राम ने आभार जताया। इस दौरान अनुपमा लांडगे, चंदना भावे, ललिता खांडेकर, सारिका अंबादे,लक्ष्मी बोरकर, अनिता मेश्राम, राखी खोब्रागडे, असुमाला मेश्राम, नीता कोटांगले, अरुणा राजभिये, पुष्पा कामडे, निधि चनद्रिकापुरे, कविता सहारे, वंदना कुंभलवार,सुलोचना जांभुलकर, पुजा मेश्राम, मनोज चंद्रिकापुरे, अमित मेश्राम, राजेश मेश्राम, पप्पू बोरकर, अनिल लांडगे, लेखराज मेश्राम, नितिश मेश्राम, ब्रिजकुमार गजभिये, कुंवर सहारे, मुन्ना खोब्रागडे, तरूण टेम्भुरकर, शुभम खोब्रागडे, दुर्गेश सहारे, देवेन्द्र साखरे, अमिताभ दुफारे, करण नंदेश्वर, दीपक ऊके, योगेश सरजारे, दीपक कुंभलवार, रेखा सहारे, चांदनी सहारे, सरोज लांजेवार, माया भास्कर, किरण मेश्राम, मनीष बडोले, सीमा सहारे, पंचशीला सहारे, सारिका बडोले, अंबरीश टांडिया, पुरुषोत्तम रामटेके, हीरालाल मोर्य, संजू गजभिये आदि उपस्थित थे।

## चुनाव के बाद पंचायतों का प्रथम सम्मिलन 3 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

पंचायत चुनाव के बाद सोमवार को सभी पंचायतों में नवनिर्वाचित पंच सरपंचों का प्रथम सम्मिलन आयोजितन किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सभी पंचायतों में विशेष तैयारी किया जा रहा है।

ग्राम सड़क अतरिया में इस बार निमंत्रण कार्ड घर घर भेजकर ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होने









की अपील किया गया है। यहां सोनम लोमश वैष्णव सरपंच निर्वाचित हुई है। पंचों में लीलाबाई जंघेल, संतोषी जंघेल, मिथिलाबाई, उमेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, मेलन मेरावी, लीलाबाई, कल्पेश कुमार, कुमारीबाई यादव, संगीता निर्मलकर, धनेश जंघेल, उत्तर जंघेल, अश्वनी वैष्णव निर्वाचित हुए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चकनार में वंदना लालचंद पटेल सरपंच बनी है। बुन्देली में दिवाकर सोनी, धोधा में दूजेराम वर्मा, मानपुर नाका में बोधन मेरावी, कुकुरमुड़ा में संतोष यदु, जीराटोला में कांति केशलाल मंडावी, पंडरिया में जानकी तामेश्वर जंघेल, संड़ी में कैलाश वर्मा, गोपालपुर में संदीप वैष्णव, साखा में कपिनाथ महोबिया, मोहगांव में जंगल दास, ठाकुरटोला में नरेश धुर्वे सरपंच निर्वाचित हुए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884



नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



राजनांदगांव। हरिभूमि जन्म दिन उत्सव योजना के तहत तुलसीपुर निवासी वर्तिका देवांगन पिता बिसेलाल देवांगन को उपहार प्रदान किया गया।

### हेड मास्टर के सूने मकान से डेढ़ लाख की चोरी

**राजनांदगांव।** छुरिया में प्रधान पाठक के सूने मकान से डेढ़ लाख की चोरी कर ली गई। जिसमें 20 हजार नगद सहित सोने-चांदी के जेवरात शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि छुरिया में रहने वाले प्रधान पाठक अनिल कन्नौज अपने परिवार के साथ 27 फरवरी की दोपहर इलाज कराने राजनांदगांव गए थे। दूसरे दिन 28 फरवरी को घर लौटे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। भीतर रखे सामान बिखरे पड़े थे। वहीं पूजा कमरे में रखी पेटी का ताला तोड़कर 20 हजार रुपए नगद सहित सोने-चांदी के जेवरात की चोरी कर ली गई थी। प्रार्थी ने मामले की सूचना छुरिया थाना में दी। पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

### पूर्व सरपंच के मालवाहक में लगा दी आग

**राजनांदगांव।** खुर्सीपार के पूर्व सरपंच के मालवाहक में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। घटना शुक्रवार रात की है। आगजनी में मालवाहक के केबिन का हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। ठेलकाडीह पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार के पूर्व सरपंच सेवकराम साहू ने अपने मालवाहक क्रमांक सीजी-08-एल-0451 को रोज की तरह अपने घर के सामने खड़ा किया था। रात में परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए। इसी दौरान तेज धुंआ उठने लगा। सेवक के बेटे ने बाहर आकर देखा तो मालवाहक में आग लग गई थी। आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने शिकायत के बाद अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया है।

### वृद्ध को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, मौत

**खैरागढ़।** खैरागढ़ के अमलीपारा में तेज रफ्तार ट्रक ने 65 वर्षीय वृद्ध को कुचल दिया। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्टेट हाईवे में करीब 1 घंटे आवाजाही बाधित रही। घटना शुक्रवार सुबह 10.30 बजे हुआ। जानकारी के मुताबिक नगर के अमलीपारा निवासी 65 वर्षीय नरसिंह चंद्राकार शुक्रवार सुबह घर का सामान खरीदने बाजार जाने निकले थे। वे पैदल ही घर से दुकान की ओर जा रहे थे, तभी अमलीपारा तिराहा चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इससे नरसिंह चंद्राकर ट्रक के पहिये के नीचे आ गए और कुछ दूरी तक घसीटते चले गए। हादसे के बाद चालक ट्रक सहित फरार हो गया। हादसे में नरसिंह चंद्राकर की मौके पर मौत हो गई। लोगों की भीड़ घटनास्थल में जुट गई। इससे स्टेट हाईवे में घंटेभर आवाजाही बाधित रही। खैरागढ़ पुलिस की टीम ने शव को मौके से मरच्युरी पहुंचाया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने पार्षद के खिलाफ की शिकायत

**राजनांदगांव।** शांतिनगर वार्ड नंबर 6 से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद सुनील साहू द्वारा कांग्रेस से प्रत्याशी रहे देवेश वैष्णव पर चुनावी हार का खीज निकलते हुए गाली-गलौज और मारपीट करवाए जाने के आरोप को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी देवेश वैष्णव ने चिखली पुलिस चौकी पहुंचकर भाजपा पार्षद पर बेवजह इल्जाम लगाने का आरोप लगाया। कांग्रेस प्रत्याशी रहे देवेश वैष्णव ने कहा है कि भाजपा पार्षद सुनील साहू द्वारा निराधार आरोप लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कल रात जो घटना हुई, उसकी जानकारी मुझे नहीं है। उन्होंने कहा कि कल मैं दुर्गा की एक शादी समारोह में गया हुआ था। सुबह मामले का पता चला। जिसमें यह बात भी सामने आई है कि पार्षद सुनील साहू पूर्व पार्षद अरविंद के घर रात लगभग 12 बजे गया हुआ था और वहां राजीव मेश्राम को उन्होंने फोन कर बुलाया था। उनके बीच क्या हुआ, यह सुनील साहू ही बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा मुझ पर बेवजह आरोप लगाया जा रहा है।


## चाक चौबंद व्यवस्था के बीच बारहवीं बोर्ड की परीक्षा शुरू

# बोर्ड की परीक्षा में 61 परीक्षार्थी अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माशिमं की बोर्ड परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई है। पहले दिन बारहवीं कक्षा की हिंदी परीक्षा ली गई। इस परीक्षा में महज 61 बच्चे ही अनुपस्थित रहे। वहीं तीन दर्जन केन्द्रों की जांच में कहीं भी नकल प्रकरण नहीं पकड़ाया। अब सोमवार को दसवीं कक्षा की परीक्षा शुरू होगी। ज्ञात हो कि जिले में 88 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें करीब 22 हजार बच्चे शामिल हो रहे हैं।

पहले दिन जिला शिक्षा अधिकारी पीएस बघेल भी केंद्रों का दौरा करते नजर आए। उन्होंने आधा दर्जन केंद्रों में जाकर व्यवस्थाएं देखी। उनके अलावा नकल प्रकरण पर नजर रखने के लिए गठित सात उड़नदस्ता दल ने भी अलग-अलग करीबन तीन दर्जन स्कूलों में दस्तक देकर जांच की। इधर परीक्षा के मद्देनजर जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड का गठन किया गया है। कुछ परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग के दृष्टिकोण से सीसीटीवी भी लगाए गए हैं। प्रश्न पत्रों को पहले से ही संबंधित थानों में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान किसी भी समस्या के समाधान के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।



### केंद्रों में बेहतर व्यवस्था

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि परीक्षा को देखते हुए जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। सभी परीक्षार्थियों को अपने-अपने रोल नंबर के अनुसार बैठने की व्यवस्था की गई है। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, बिजली और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया।

### 3723 परीक्षार्थियों ने दिलाई 12वीं बोर्ड की परीक्षा



**खैरागढ़।** जिले मे कड़ी सुरक्षा और चाक चौबंद व्यवस्था के बीच माशिम द्वारा आयोजित बारहवी बोर्ड का पहला पेपर हुआ। हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के 42 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जहॉ 3757 परीक्षार्थियो में 3723 उपस्थित रहे जबकि अलग-अलग कारणों से 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। प्रत्येक केंद्र में केंद्राध्यक्ष नियुक्त कर उन्हें माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार परीक्षा संचालन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश साथ आयोजन संबंधी जानकारी दी गई हैं। पहले दिन जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी व सहायकों ने द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ठेलकाडीह, बढ़ईटोला, हाई स्कूल अमलीपारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मदराकुही और जालबांधा परीक्षा केंदों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी लेते हुए परीक्षा संचालन सुचारू रूप से वह शांतिपूर्वक कराने कहा। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सभी परीक्षार्थियो को शुभकामना दी है।

### उड़नदस्ते की चार टीमें करेंगी निगरानी

बोर्ड परीक्षा की सतत निगरानी के लिए कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा द्वारा चार उड़नदस्ता टीम गठित की गई जिसमें जिला स्तर पर दो और ब्लाक स्तर पर दो टीम है। जिला स्तरीय दल क्रमांक एक के दल प्रभारी डीईओ लालजी द्विवेदी और डॉ रश्मि खरे सहायक संचालक, श्रीश कुमार पाण्डेय, आत्माराम साहू, पायल मेश्राम बादल सहायक है जबकि क्रमांक दो में उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी दल प्रभारी और रविंद्र कुमार मेहरा सहायक संचालक उद्यानिकी, किशोरी लाल अमेला एबीईओ व अनामिका ठाकुर सहायक है। इसके अलावा ब्लाक स्तर पर गठित टीम मे एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, नायब तहसीलदार मोहनलाल झारिया नायब के अलावा दल क्रमांक दो मे एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, तहसीलदार नेहा ध्रुव, बीईओ रमेंद्र डड़सेना और प्रियंका ठाकुर शामिल है। परीक्षा दौरान उड़नदस्ता टीम नकल प्रकरण सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेगी।

# आरक्षकों को धौंस दिखाने वाला भाजपा नेता गिरफ्तार

- आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गाड़ी में शराब पकड़े जाने के बाद पुलिस आरक्षकों को धमकाने वाले भाजपा नेता दीपक चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी दीपक चौहान और उसके ड्राइवर कौशल वर्मा को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेजा गया है।

पूर्व पार्षद व भाजपा नेता की गाड़ी से सुकुलदैहान पुलिस की टीम ने 26 फरवरी को शराब की खेप पकड़ी थी, तब गाड़ी ड्राइवर कौशल वर्मा चला रहा था। गाड़ी रोके जाने की सूचना मिलते ही दीपक चौहान मौके पर पहुंचे। उन्होंने गाड़ी की जांच करने वाले आरक्षकों को जमकर धमकाया। राजनैतिक रसूख का हवाला देते हुए जमकर गाली-गलौज की। वहीं ट्रांसफर तक करा देने की धमकी दी। मामले का वीडियो दूसरे ही दिन सोशल मीडिया में वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने दीपक चौहान को मौके से छोड़ने वाले दो आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया। वहीं दीपक चौहान और ड्राइवर कौशल वर्मा पर धारा 221, 296, 238 के तहत अपराध दर्ज किया था। इसमें आबकारी एक्ट की धारा भी जोड़ी गई। शनिवार को पुलिस ने आरोपी दीपक चौहान और कौशल वर्मा को रिमांड पर भेज दिया गया।



# निःशुल्क दंत शिविर का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन (छग) सदैव मानव सेवा के लिए तत्पर रहते अनेक आयोजनों को सर्वधर्म समाज के लिए करते आ रहा है। इसी कड़ी में स्वच्छ मुख अभियान के तहत निःशुल्क दांतों की जांच का शिविर लगाया जा रहा है।

अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के अंकुश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल के अनुसार सम्मेलन द्वारा कल 2 मार्च को श्री अग्रसेन भवन के प्रथम तल में निःशुल्क दांतों की जांच का शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रद्धि चिकित्सकों की टीम द्वारा जांच कर उपचार हेतु सलाह प्रदान की जाएगी। शिविर सर्व समाज के लिए है। शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक उपचार होगा। आयोजन समिति ने नगर के ऐसे नागरिकों जिन्हें मुख संबंधित कोई परेशानी हो, उन्हें इस शिविर में शामिल होने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने दी।

# भर्ती में गड़बड़ी, महिला आरक्षक पर गिरी गिरफ्तारी की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस आरक्षक भर्ती गड़बड़ी मामले में जांच टीम ने एक और आरक्षक को गिरफ्तार किया है। ईवेंट के दौरान अभ्यर्थियों के नंबर बढ़ाने में संलिप्त रही कवर्धा की महिला आरक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसे न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

राजनांदगांव में हुए पुलिस भर्ती के दौरान गड़बड़ियां सामने आई थी। इसमें कई अभ्यर्थियों को ईवेंट में मिले नंबर में छेड़खानी कर अंक बढ़ाए गए। मामले की जांच सीएसपी पुष्पेंद्र नायक की टीम कर रही थी, जिन्होंने गड़बड़ी में शामिल रही महिला आरक्षक काजल भारद्वाज (26) को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरक्षक काजल की भी गड़बड़ी में भूमिका रही है। जिसके खिलाफ साक्ष्य भी मिले हैं। महिला आरक्षक काजल कवर्धा जिले के पिपरिया थाना में पदस्थ थी। वहीं वह मूलतः दुर्ग जिले के ग्राम ढोर की रहने वाली है। पुलिस ने महिला आरक्षक को न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

### 16 लोग जा चुके जेल

पुलिस भर्ती गड़बड़ी मामले में अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं एक संदेही आरक्षक ने आत्महत्या कर ली थी। गिरफ्तार आरोपियों में 8 पुलिस कर्मी, 5 ईवेंट कंपनी के टेक्निशियन और 2 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं।

इसके बाद कवर्धा की महिला आरक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच जारी होने का दावा किया है।




Happy Birthday
02 March
Happy Birthday
02 March
गांव -गरीब, किसान के लोकप्रिय नेता
जिले की आन-बान-शान
मान.
नवाज़ भाई
पूर्व अध्यक्ष : जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
उत्तम सिंह ठाकुर
वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

# चुनावी रंजिश के चलते पार्षद पर हमले का आरोप, वार्डवासियों ने घेरा चिखली चौकी

**राजनांदगांव।** वार्ड नंबर 6 शांतिनगर से नवनिर्वाचित पार्षद सुनील साहू पर चाकू से हमला किए जाने के मामले को लेकर वार्ड के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होता देख चिखली पुलिस चौकी का घेराव किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पांच वार्डों के नवनिर्वाचित पार्षद शिव वर्मा, आलोक श्रोती, श्रुति जैन, पारस वर्मा इस अंदोलन में शामिल हुए। दरअसल शहर के शांतिनगर वार्ड नंबर 6 में संपन्न हुए पार्षद चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत और कांग्रेस प्रत्याशी की हार होने से यह मामला रंजिश में बदल गया है। भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षद सुनील साहू ने कांग्रेस के प्रत्याशी देवेश वैष्णव पर मतदाताओं के साथ गाली-गलौज का आरोप लगाया है। इस मामले में कांग्रेस प्रत्याशी सहित अन्य लोगों के खिलाफ बीते 22 फरवरी को चिखली पुलिस चौकी में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है, लेकिन इसके बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किए जाने से वार्ड के लोगों में नाराजगी है।



### मामले की जांच जारी

हमले के मामले में जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस पर उचित वैधानिक कार्रवाई होगी। पेड़ काटने और गाली-गलौज के मामले में पहले ही एफआईआर हो चुकी है।

- **पुष्पेंद्र नायक**, सीएसपी

**दोनों को बराबर मत मिले थे :** वार्ड नंबर 6 से कांग्रेस के प्रत्याशी देवेश वैष्णव और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कन्हैया सुनील साहू को 1209 मत मिले थे। दोनों को बराबर मत मिलने से फैसला टाई हो गया था। इसके बाद लाटरी पद्धति से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की जीत हुई थी।

### पुलिस के खिलाफ आक्रोश

भाजपा पार्षद पर हमले का विरोध करते हुए प्रदर्शन में पहुंचे नवनिर्वाचित पार्षद आलोक श्रोती ने कहा कि एफआईआर लिखवाने के बाद भी इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं जनप्रतिनिधि पर हमला हो रहा है, उसे गाली दिया जा रहा है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में पुलिस प्रशासन के खिलाफ लोगों में काफी आक्रोश है।

### पुलिस चौकी के बाहर प्रदर्शन

पुलिस चौकी का घेराव करते हुए वार्ड के लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी और उनके अन्य साथियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। वहीं पुलिस अधीक्षक को पुलिस चौकी बुलाने की मांग पर लोग अड़े रहे और पुलिस चौकी के गेट पर बैठकर घंटों प्रदर्शन किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मौके पर पहुंचने के बाद वार्ड के लोगों ने उनके सामने अपनी बात रखी।

---

सांसद की पहल पर शहर में चौथे अंडरब्रिज को मिली स्वीकृति

# तुलसीपुर-मोतीपुर के बीच बनेगा अंडरब्रिज

तुलसीपुर से मोतीपुर जाने वाली मार्ग पर रेलवे फाटक के बंद हो जाने से यहां का व्यवसाय चौपट हो गया था। वहीं आवागमन में लोगों को दिक्कतें होने लगी थी, जिसे देखते हुए स्थानीय व्यापारियों और लोगों द्वारा सांसद संतोष पांडे से यहां अंडरब्रिज बनाए जाने की मांग की गई थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिसके बाद संसद में क्षेत्र का निरीक्षण कर रेल मंत्री को यहां अंडरब्रिज निमार्ण की स्वीकृति दिए जाने हेतु पत्र लिखा था, जिस पर रेलवे के इंजीनियरों ने मौका मुआयना कर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। अब इस जगह अंडरब्रिज बनाए जाने को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपनी स्वीकृति दे दी है। रेलवे फाटक के बंद होने से यहां का व्यापार भी ठप पड़ा हुआ है। रेलवे फाटक बंद हो जाने से यहां के दुकानदारों की बिक्री चौपट हो गई है। वहीं अब अंडरब्रिज निर्माण होने से एक बार फिर इस क्षेत्र में व्यापार के रास्ते खुल जाएंगे।

### प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का अभार



सांसद संतोष पांडे ने कहा कि जनसुविधा को ध्यान में रखते मोतीपुर रेलवे फाटक में अंडरब्रिज बनाने के लिए केन्द्रीय रेल मंत्री द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव का राजनांदगांव की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है।






**खबर संक्षेप**

## पांच दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन



**हरिभूमि कुण्डा।** धर्म नगरी कुण्डा में 27 फरवरी से 03 मार्च तक पांच दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन ब्रह्माण्ड नायक मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम चंद्र की असीम कृपा से श्री प्रभातफेरी मण्डली कुण्डा एवं समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी एवं बाब्बेडेरा, राधेरानी सेवा समिति, श्रीहरि मंदिर कुण्डा, बोल बम समिति, बजरंग दल, शिवशक्ति मानस मण्डली कुण्डा के विशेष सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें सूरदास रामायणी पवन मानस दमोह सागर मध्यप्रदेश वाले द्वारा संगीतमय श्री रामकथा का दिव्य आयोजन व रसपान दोपहर 02 से शाम 06 बजे तक कुण्डा सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को संगीतमय श्रीराम कथा का रसपान भक्तजनों व क्षेत्रवासियों को रसपान कराया जा रहा है। जिसमें कार्यक्रम का ग्रामाचार्य पं बालकृष्ण शर्मा, पं नूतन शर्मा,पं मणिभद्र शर्मा एवं कार्यक्रम के संचालक पं नीलभद्र शर्मा एवं कार्यक्रम के संरक्षक सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण तथा समस्त ग्रामवासियों को विशेष योगदान से संपन्न किया जा रहा है, वहीं संगीतमय श्रीराम कथा श्रवण पान करने भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

## महाशिवरात्रि पर निकाली गई भव्य बारात, झुम उठें कुण्डावासी



**हरिभूमि कुण्डा।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी कुण्डा में संचालित प्रजापति ईश्वरी ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय कुण्डा में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें नगर भ्रमण करते हुए भव्य महाकाल की झांकी निकाली गई, जिसपर ग्रामवासियों द्वारा जगह-जगह विधि विधान से पूजा-अर्चना किया गया। महाशिवरात्रि पर्व में भव्य शोभा यात्रा के बाद ब्रह्म कुमारी विश्वविद्यालय में पूजा अर्चना किया गया जिसमें ग्राम कुण्डा के नव नियुक्त सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, वरिष्ठ समाज सेवी सुरेंद्र सिंह खनूजा, रामचंद्र जोशी, इंद्रकुमार सोनी, भागवत साहू, गुरदीप सिंह मक्कड़, बाबूलाल चंद्राकर, प्रभारी सोनिया दीदी ने शिव भक्ति पर आध्यात्मिक पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देवों के देव महादेव के पूजा अर्चना से ही मनोकामना पूर्ण होता है आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत भी किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या आसपास क्षेत्र के ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

**समारोह:** ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया व पाण्डातराई नगर के विकास को मिलेगी तिगुनी रफ्तार: बोहरा

# नपा पंडरिया व नपं पाण्डातराई में नव-निर्वाचित अध्यक्षों व पार्षदों के शपथ ग्रहण में शामिल हुईं विधायक भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई/पंडरिया

शनिवार को नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई में नव-निर्वाचित भाजपा के अध्यक्षों एवं विजयी पार्षदों ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए शपथ ग्रहण की। समारोह में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी शामिल हुई। नगरीय निकाय चुनाव में पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई व इंदौरी में भाजपा अध्यक्षों पर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाई है। नगर पालिका पंडरिया में भाजपा की अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे व पार्षदों एवं नगर पंचायत पाण्डातराई में भाजपा की अध्यक्ष श्रीमती सरिता रामकुमार सोनी व पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। इस समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी एवं नगर पालिका पंडरिया चुनाव प्रभारी गौरी शंकर श्रीवास उपस्थित रहे, जिन्होंने नव-निर्वाचित अध्यक्षों एवं पार्षद गणों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई के नव-निर्वाचित अध्यक्षों एवं सभी पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में हम सभी जनप्रतिनिधियों को एकजुट और एकमत होकर आगे बढ़ना होगा तभी हम अपने वार्ड, नगर व क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ा सकते हैं। जब विषय जनहित से जुड़ें हों और जनता की भलाई एवं क्षेत्र के विकास की हो तो हम सभी को एकमत होकर उन कार्यों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करना होगा, तभी हमारा नगर और पंडरिया विधानसभा समृद्ध व विकसित बनेगा।

विगत 14 महीनों में भाजपा की सरकार ने इसी उद्देश्य व लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। अब यह अवसर हमें मिला है कि डबल इंजन भाजपा सरकार की कुशल नीतियों, विकास कार्यों और जन कल्याण के प्रति समर्पित योजनाओं को ट्रिपल इंजन की रफ्तार से हमारे नगर व शहर तक पहुंचाएं। उन्होने नव-निर्वाचित अध्यक्षों और सभी पार्षदों से सभी मिलकर अपने वार्ड, क्षेत्र व शहर का विकास सुनुश्चित करेंगे। जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना एवं अधोसंरचना विकास और निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करना के लिए संयुक्त साझेदारी हमें निभानी होगी। कार्यक्रम में भाजपा के समस्त पदाधिकारी, वरिष्ठजन, क्षेत्र के प्रबुद्धजन, कार्यकर्ता एवं रूपेश जैन, पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, बालाराम चंद्रवशी, मनोज ठाकुर, बिंदु साहू, संजय चंद्रवशी, रामू पांडेय, ऋतु मिश्रा, सूर्यकांत सोनी, सुशील गुप्ता, सावित्री चंद्रवंशी, भगवती कुम्भकार, अजय गिरी गोस्वामी, हनुमान दास, छेदी तम्बोली, रामकुमार सोनी, अखिल सोनी, परसू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी गण उपस्थित थे।

**हमर संकल्प पत्र में किए गए पंडरिया एवं पांडातराई नगर के विकास हेतु आगामी 5 वर्षों का मिशन और विजन तैयार**






डबल इंजन भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को विकास के राह पर अग्रसर किया है, हमारे यह संकल्प भी ट्रिपल इंजन की सरकार के साथ जन सहयोग व समर्थन से तिगुनी रफ्तार से नगर के विकास एवं जन सविधाओं के विस्तार को पूरा करने के लिए हमने आगामी पांच वर्षों के लिए अपना विजन और मिशन तय किया है। हमर संकल्प पत्र में हमने पंडरिया में जनता की बहुप्रतीक्षित मांग जैसे सर्वसुविधा युक्त बस स्टैंड निर्माण, नगर के मुख्य मार्ग हरिनाला से लोरमी रोड को आदर्श रोड बनाएंगे। महिलाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से महिला चौपटी एवं महिला व्यावसायिक कॉमप्लेक्स और अंबिकापुर की तर्ज पर वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की स्थापना करेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रमुख स्थानों एवं चौक-चौराहों में सीसी टीवी कैमरा, पीएम स्वनिधि योजना के तहत ठेला व गुमटी लगाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को 30 हजार रुपए की आर्थिक सहायता जैसे अपने वादों को हम आप सभी क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पूरा करेंगे। उसी प्रकार पाण्डातराई नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए पाण्डातराई को उप तहसील बनाने का हमने संकल्प किया है। इसके साथ ही पंडरिया में की गई प्रमुख घोषणाओं के साथ ही पांडातराई में महाविद्यालय जाने वाली सड़क को पक्की सड़क, नया बस स्टैंड निर्माण, वार्डवासियों के लिए पृथक सोसायटी, सर्व समाज हेतु मांगलिक भवन, स्वच्छ पेयजल के लिए पाइप लाइन का विस्तार, सुव्यवस्थित चौपाटी एवं किड्स प्ले एरिया, चारभाठा-पुड्की होते हुए दशरंगपुर (धर्सा रोड) तक सड़क का निर्माण, नयापारा में अवैध कब्जा को हटाकर गार्डन निर्माण करना और भी विभिन्न घोषणाएं पाण्डातराई के विकास, अधोसंरचना निर्माण और जनहित के लिए हमने की है और इन सभी कार्यों को पूरा करते हुए हम विकसित पंडरिया-विकसित छत्तीसगढ़ के अपने लक्ष्यों को हासिल करेंगे।


### नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारना और क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी लाना हमारी प्राथमिकता

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि चुनाव के पूर्व हमर संकल्प पत्र में पंडरिया नगर पालिका तथा नगर पंचायत पाण्डातराई में जनता की बहुप्रतीक्षित मांग और क्षेत्र में अधोसंरचना विकास, महिलाओं को रोजगार, व्यापारियों को सुविधा व सुरक्षा, शिक्षा, स्ट्रीट वेंडर्स, सड़क, बिजली, पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं और प्रमुख घोषणाओं को उल्लेखित किया गया है। मोदी की गारंटी में किए अपने संकल्पों को जिस दृढ़ता से हम पूरा कर रहें हैं निश्चित ही अटल संकल्प पत्र एवं हमर संकल्प पत्र में किए अपने वादों को हम पूरा करेंगे। हमारा प्रमुख उद्देश्य केवल योजनाओं का निर्माण नहीं, बल्कि उन योजनाओं को साकार रूप में लागू कर, नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारना और क्षेत्र में अधोसंरचना व विकास कार्यों को गति देना है।

# कुण्डा के नव-निर्वाचित सरपंच व पंचों ने निकाली आभार रैली

- मां महामाया मंदिर पहुंच कर आदिशक्ति मां महामाया की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा



त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के सम्पन्न होते ही नव-निर्वाचित जिला पंचायत जनपद सदस्यों एवं पंच, सरपंचों ने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ अपने अपने स्तर पर विजयी एवं आभार रैली निकालकर खुशी एवं आभार व्यक्त किया। वहीं विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कुण्डा में नव निर्वाचित सरंपच हरेंद्र चंद्राकर एवं नव-निर्वाचित पंचों का विजयी एवं आभार रैली एक साथ निकाली गई। वहीं सरपंच हरेंद्र चंद्राकर व पंचगण तथा ग्रामवासी साथ ही साथ समर्थक गण द्वारा गाजे बाजे के साथ आदिशक्ति मां महामाया मंदिर पहुंच कर आदिशक्ति मां महामाया की विधि विधान पूजा अर्चना कर ग्रामवासियो की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर आभार रैली का श्री गणेश किया गया। जिसमें नव-निर्वाचित सरपंच श्री चंद्राकर एवं समस्त पंचगण आतिशबाजी के साथ सतनामी, रामपुरपारा, जगमाल चौक, गुरुनानक चौक, मुस्लमान मोहल्ला होते हुए पुराना दुर्गा चौक, हरिमंदिर चौक, न्यू बस स्टैण्ड, शांति नगर, बब्बेडेरा चौक होते हुए शिवनगर, दुर्गा मंदिर, पारधी पारा होते महावीर चौक धापपारा, हाईस्कूल सहित सभी चौंक चौराहों में नगर भ्रमण कर बड़े बुजुर्गों का आभार व्यक्त किया। वहीं आभार रैली के दौरान नवनिर्वाचित सरपंच का ग्रामीणों द्वारा भव्य फूल-मालाओं से स्वागत कर मुंह मीठा कर श्री चंद्राकर एवं पंचों को जीत की बधाई एवं उज्जवल राजनीति की शुभकामनाएं दी। इस आभार रैली कार्यक्रम नवनिर्वाचित सरपंच के साथ सभी नवनिर्वाचित पंचगण एवं सतनामी समाज, निषाद समाज, साहू समाज, चंद्राकर समाज, यादव समाज, मुस्लिम समाज, मानिकपुरी समाज, चंद्रसेन समाज, पारधि समाज, चौहान समाज, रजक समाज, राजपूत समाज व पटेल समाज एवं धुरी समाज सहित सभी समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थें।

# यात्रियों के लिए स्टॉपेज व यात्री प्रतीक्षालय का अभाव

- सड़क किनारे बसो का इंतजार करने मजबूर ग्रामीण राहगीर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर



कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग में में एक भी यात्री प्रतीक्षालय न होने का खमियाजा क्षेत्र के ग्रामवासियो को भुगतना पड़ रहा है। कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग में यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में लोगों को जहां-तहां चबूतरों या दुकानों तथा पेड़ के छाव में बैठकर बसों का इंतजार करना पड़ता है, प्रतिदिन सैकड़ो लोग शहर आते हैं।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण राहगीर ठंड के दिनों में शीतलहर एवं गर्मी में तपन तथा बरसात में भीगते हुए लोगों को सफर करने मजबूर होना पड़ता है। यात्री प्रतीक्षालय न होने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं एवं बच्चों को होती है। जिसमें ग्राम जोराताल, बरबसपुर, जेवड़न, राम्हेपुर, चंडालपुर के ग्रामीण व राहगीर बस यात्रा करने वालों के बैठने की सुविधा नहीं है। जबकि लोग बरसों से मांग कर रहे हैं कि सुविधायुक्त यात्री प्रतीक्षालय बनाए जाएं। जहां पास ही पेयजल एवं प्रसाधन गृह भी उपलब्ध हो। इसके अभाव में लोगों को पानी पीने के लिए भी मजबूरी में दुकानों पर बैठकर रुपए खर्च कर कुछ खाना-पीना पड़ता है। जिस पर ग्रामीणों शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग और रवेली मार्ग पर सड़क किनारे चौक-चौराहे पर यात्रियों के लिए यात्री प्रतीक्षालय तथा ठहरने के लिए स्टॉपेज का निर्माण कर दिया जाए तो बरसात की समय और गर्मी के समय पर स्कूली बच्चों और छात्र-छात्राओं तथा ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल सकती है इस ओर जिम्मेदारों को गंभीरता से चिंतन करने की जरूरत है ताकि यात्रियों को बुनियादी सुविधा का लाभ मिल सके।

# प्रमुख प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



प्रमुख प्राथमिक शाला में निलेश जैन द्वारा न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को पूड़ी-सब्जी, जलेबी परोसा गया। श्री जैन द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रधानमंत्री के पोषण आहार योजना अंतर्गत न्योता भोज के तहत शहर के सबसे प्राचीन स्कूल प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में पहुंच कर अपने हाथों से बच्चों को पुड़ी-सब्जी, जलेबी-हलवा परोसा गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को अच्छे पौष्टिक आहार देना एवं उनके साथ खुशी साझा करना तथा उनकी जरूरतों पर ध्यान आकर्षित करना था। कार्यक्रम में पौष्टिक भोजन के इस आयोजन ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया और स्कूल के शिक्षकों एवं अभिभावकों ने निलेश जैन को न्योता भोज कराने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख सीडी भट्ट एवं विद्यालय के सभी स्टाफ उपस्थित रहे, उन्होंने बच्चों को पौष्टिक आहार योजना के सम्बन्ध में दान दाताओं को खुलकर सामने आने की बात कही। विद्यालय प्रधान पाठक सीडी भट्ट ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों में सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

### अभाविप कार्यकर्ताओं ने कक्षा12वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को तिलक व पेन वितरण किया



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में अखिल भारतीय विद्यार्थि परिषद के कार्यकर्ताओं व जिला संयोजक गजाधर वर्मा द्वारा प्रत्येक वर्षानुसार की भांति कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों को तिलक तथा पेन वितरण किया। किसी भी मानव के जीवन में सफलता का आधार शुभचिंतकों की शुभकामनाएं होती हैं क्योंकि इन्हीं प्रेरक संदेशों की सहायता से किसी भी व्यक्ति का ढाढस बांधा जा सकता है। किसी व्यक्ति की उपलब्धियों या सफलता की सराहाना करते हुए आप उस व्यक्ति के संघर्षों का सम्मान कर सकते हैं। किसी के अच्छे कार्य की तारीफ करने से आप उस व्यक्ति को अपना समर्थन देकर सम्मानित कर सकते हैं, जो कि एक महत्वपूर्ण और विशेष तरीका है। जिससे समाज में सकारात्मकता को बढ़ाया जा सकता है। विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थियों को ऐसे विचार जरूर पढ़ने चाहिए, जिन्हें हर उस व्यक्ति के साथ साझा किया जा सके जो समाज के हर व्यक्ति की सफलता और उनके परिश्रम और समर्पण की सराहना करते हैं। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा कवर्धा शहर में आत्मानंद स्कूल, कचहरी पारा, गर्ल्स स्कूल व स्वामी करपात्री जी स्कूलों में पहुंचकर शुभकामनाएं संदेश दिए, जिसमें उदय, गुरु, परमेश्वर, युवराज, अंजु, अंजली, चेतना, गोपाल, दिपेश, दिपक सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।









**शपथ: युवा और अनुभवी टीम के साथ बोड़ला व स.लोहारा का होगा समुचित विकास: डिप्टी सीएम विजय शर्मा**

# बोड़ला व स.लोहारा नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शनिवार को नगर पंचायत बोड़ला और सहसपुर लोहारा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सहसपुर लोहारा और बोड़ला नगर पंचायत में पूर्ण बहुमत के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। नगर पंचायत की इस सरकार में बहुत ही अनुभवी और युवाओं की टीम बनी है। अब इन दोनों नगर पंचायत क्षेत्र में राज्य शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा, साथ नगर क्षेत्र का मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाओं के साथ समुचित विकास होगा।

नगर पंचायत बोड़ला में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला सुश्री रुचि शार्दुल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय पाटिल एवं पार्षदों को शपथ दिलाई। सहसपुर लोहारा में अनुविभागीय अधिकारी चेतन साहू ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष मिश्रा एवं पार्षदों को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर पटेल, जिला पंचायत सदस्य ईश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, संतोष पटेल, गोपाल साहू, अजय बागड़े, प्रदीप मिश्रा, जसविंदर बग्गा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षद अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार शहर के समग्र विकास और जनता के कल्याण के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी, ताकि प्रत्येक नागरिक को बेहतर जीवन स्तर मिल सके और शहर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद से लगातार शहरों के विकास के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। अब नवनिर्वाचित अध्यक्षों के नेतृत्व में इन प्रयासों को और गति मिलेगी, जिससे शहरों की आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इन सकारात्मक बदलावों से नागरिकों का सरकार और जनप्रतिनिधियों पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



**नगर पंचायतों का बुनियादी ढांचा किया जाएगा मजबूत**

शपथ ग्रहण समारोह में विजय शर्मा ने कहा कि उन्होंने कहा कि शहरों में बुनियादी ढांचे के विस्तार, स्वच्छता, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्षों और पार्षदों से कहा कि वे जनसेवा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार शहरी विकास की योजनाओं को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग देगी और जनकल्याण के लिए तत्पर रहेगी।



**तेजी से होगा नगर विकास**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नगर पंचायत बोड़ला के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि अब जिले की नगर पंचायतों में ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेंगी। सभी नगर पंचायतों का समुचित विकास होगा और लोगों को सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होने कहा कि सभी निर्माण एवं विकास कार्य तेजी से कराए जाएंगे।

# जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में हायर सेकेंडरी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू के नेतृत्व में परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस निरीक्षण दल में सहायक संचालक डीजी पात्रा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी दिनेश कुमार साहू एवं श्रीमती संगीता साहू शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बम्हनी, बाजार चारभाटा, गोछिया, रामपुर, वीरेंद्रनगर एवं रणवीरपुर के परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही थी।

निरीक्षण दल को कहीं भी नकल से संबंधित कोई प्रकरण नहीं मिला, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और अनुशासन की पुष्टि हुई। परीक्षा केंद्रों में सुव्यवस्थित प्रबंधन एवं कड़ी निगरानी से छात्रों को अनुशासित वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिल रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा कार्य में संलग्न अधिकारियों व शिक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु कड़ी सतर्कता बरती जाए।

**चिल्फीघाटी में बोर्ड परीक्षा प्रारंभ**



**चिल्फीघाटी** स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंग्रेजी माध्यम चिल्फी में हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल बोर्ड सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 परिक्षा 1 मार्च से प्रारंभ की गई। जिसमें हायर सेकंडरी में 61 विद्यार्थी दर्ज हैं तथा हाई स्कूल चिल्फी विद्यालय से 71 विद्यार्थी, बोकरखार से 13 एवं बहनाखोदरा से 34 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। हायर सेकंडरी की परीक्षा शनिवार से प्रारंभ को शांतिपूर्ण व्यवस्थित ढंग से प्रारंभ हो चुकी है। केंद्राध्यक्ष सोहन यादव प्राचार्य बैरख, सहायक केंद्राध्यक्ष जेके वर्मा, लिपिक दीपिका धुर्वे, कक्ष परिवेक्षक के रूप में संतोष नेताम, रघुनाथ चंद्रवंशी, ज्योति ठाकुर, प्रभा सिंदराम द्वारा शांतिपूर्ण परीक्षा संचालित कराई।

**खबर संक्षेप**

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा आज जिले के प्रवास पर



**कवर्धा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा 02 मार्च को अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सुबह 07 बजे रायपुर से कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 09.15 बजे ग्राम सैगोना में रामकुमार पटेल के निवास में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा साधराम पटेल के परिवार से भेंट करेंगे। 10.15 बजे वीर सावरकर भवन आगमन एवं संत श्री गाडगे महाराज की जयंती में शामिल होंगे, 11 बजे सरदार पटेल मैदान कवर्धा आगमन एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा पार्षदगणों के शपथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा 12 बजे कन्या महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा 12.20 बजे कवर्धा से पिपरिया के लिए प्रस्थान करेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा 12.35 बजे सर्व समाज मागलिक भवन पिपरिया आगमन एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा पार्षदगणों के शपथ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### चिल्फी में 2 को झलमला में 6 को मेला मड़ई

**कवर्धा।** वनांचल के झलमला जंगल में 2 मार्च और चिल्फी घाटी में 6 मार्च को मड़ई मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी मेले में झूला सर्कस से लेकर अन्य मनोरंजन के साधन रहेंगे। आदिवासी बाहुल क्षेत्र होने से गांव के लोगों में मंडी मेले का इंतजार रहता है।

# जंगल से भटक कर आबादी क्षेत्र में आया वन्य प्राणी हिरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

ग्रीष्म ऋतु की दस्तख के साथ एक बार फिर जिले के जंगलों से भटककर वन्य प्राणी आबादी क्षेत्रों में पहुंचने लगे हैं। इसी कड़ी में शनिवार की सुबह यहां समीपस्थ जंगल से भटक कर गांव में आए वयस्क हिरण को वन विभाग द्वारा अपने संक्षरण में लेकर बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी में छोड़ा गया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे बारहसिंगी प्रजाति का एक वयस्क हिरण जंगल से भटक कर कोदवागोड़ान बस्ती में आ गया था जिसे स्थानीय वनकर्मियों ने पकड़ कर अपने संरक्षण में लिया और इसकी सूचना पंडरिया स्थित विभागीय अधिकारियों को दी। वनपाल संतोष कुमार साकत ने बताया कि अधिकारियों से चर्चा के बाद उक्त हिरण को बेहतर संरक्षण और संवर्धन की दृष्टि से सकुशल बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी पंहुचा दिया गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि हर साल ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही जिले के जंगलों से भोजन पानी की तलाश में कई वन्यप्राणी भटक कर जंगलों से लगे आबादी क्षेत्रों में पहुंच जाते हैं। ऐसे में कुछ खुशकिस्मत वन्यप्राणियों समय रहते वन विभाग द्वारा सुरक्षित पकड़ कर वापस जंगल में छोड़ दिया जाता है वहीं कुछ ऐसे भी होते हैं जो ग्रामीणों अथवा क्षेत्र के आवारा कुत्तों का शिकार वन जाते हैं और अपनी जान गवां बैठते हैं। ऐसे में वनविभाग को चाहिए की वह ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जंगलों में वन्यप्राणियों के लिए बेहतर भोजन, पानी की व्यवस्था करे ताकि वन्यप्राणियों को भोजन पानी के लिए भटक कर आबादी क्षेत्र की तरफ न आना पड़े।



# प्रधान आरक्षक कोमल सिंह को सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिला के थाना रेंगाखार में पदस्थ प्रधान आरक्षक कोमल सिंह के गत दिनो सेवानिवृत होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक के कार्यों की सराहना कर पुष्पगुच्छ, श्रीफल, साल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दिया गया। प्रधान आरक्षक कोमल सिंह 11 नवम्बर 1990 को पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर जिला- दुर्ग मध्य प्रदेश में भर्ती हुए और अपनी बेसिक ट्रेनिंग रीवा मध्य प्रदेश ट्रेनिंग सेंटर में पूर्ण कर पुलिस विभाग के सेवाकाल के दौरान दुर्ग जिला के विभिन्न थाना सिटी कोतवाली, थाना रानीतराई, थाना धमधा, थाना अंण्डा, थाना वैशालीनगर से वर्ष 2020 में आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर जिला कबीरधाम के थाना रेंगाखार जंगल, थाना पांडातराई एवं वर्तमान में थाना रेंगाखार जंगल में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे थे। श्री सिंह पुलिस विभाग में कुल-34 वर्ष 03 माह 20 दिन की सेवाअवधि पूर्ण कर, 28 फरवरी 2025 को सेवानिवृत्त हुए हैं। जिन्हें पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल के द्वारा साल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई देते हुये उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारी अधिक संख्या में उपस्थित होकर सेवानिवृत्त अधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर विभाग से भावभीनी विदाई दी।



# नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित 27 पार्षदों का शपथ ग्रहण आज सरदार पटेल मैदान में



■ स्वच्छ सुंदर व विकसित कवर्धा का होगा संकल्प : चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित 27 वार्डो के नवनिर्वाचित पार्षदगण भी अपने पार्षदपद की शपथ लेगें। कार्यक्रम में कवर्धा शहर के जनप्रतिनिधिगण, समाज प्रमुखों, संस्थाओं, गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय के आतिथ्य में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में संपन्न होगा। नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि शपथ ग्रहण के साथ स्वच्छ सुंदर कवर्धा व विकसित कवर्धा का संकल्प होगा। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की परिकल्पना को साकार करने व कवर्धा शहर को स्वच्छ शहर सुंदर शहर बनाने हेतु पूरा नगर पालिका टीम संकल्पित रहेगा। उन्होनें कवर्धावासियों को अपील करते हुए कहा कि कवर्धा शहर के प्रत्येक व्यक्ति शपथ ग्रहण में शामिल होकर कार्यक्रम की साक्षी बनें। नगर पालिका परिषद कवर्धा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित सभी 27 पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह 2 मार्च को सरदार पटेल मैदान कवर्धा में आयोजित होगा। शपथ ग्रहण समारोह की आमंत्रण सूचना अध्यक्ष सहित पार्षदगणों को भेजा जा चुका है। सरदार पटेल मैदान में आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में कवर्धा शहर के सभी गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधिगण व पत्रकार बंधु सहित कवर्धा की जनता के नाम आमंत्रण भेजा गया है उन्होनें कवर्धावासियों से अपील किया है कि शहर सरकार की प्रथम व्यक्ति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर इतिहास की साक्षी बनें।

**भजन कार्यक्रम के साथ शपथ ग्रहण**

नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 02 मार्च को सरदार पटेल मैदान में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में छन्नू निर्मलकर व साथी द्वारा भजन कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। मंदिरों से पहुंचे पुजारीजन, ब्राम्हणों की पवित्र मंत्रोच्चारण, शंखनाद, भारतमाता की जयघोष के साथ-साथ समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कार्यक्रम की शुरूवात होगी। कवर्धा शहर की जनता साक्षी बनकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होगें। साथ ही नगर पालिका परिषद कवर्धा के स्वच्छ भारत अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वच्छता दीदीयों की विशेष उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न होगा।

**जयंती के मौके पर अहिरवार समाज ने आयोजित किए कई कार्यक्रम**

# अहिरवार समाज कवर्धा ने धूमधाम से मनाई संत रविदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अहिरवार समाज जिला कबीरधाम एवं अहिरवार युवा संगठन जिला कबीरधाम के तत्वावधान में गत दिनो संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648 वीं जयंती भव्य रूप से मनाई गई। जिसमें जिलेभर से समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग, स्कूली बच्चे एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। समारोह के दौरान बाल्य कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, फैंसी ड्रेस एवं नाटिका समाज की नारी शक्ति द्वारा प्रस्तुति दी गईं। गुरु आरती, वंदन एवं गुरुवाणी का वाचन दुखुदास हठीले, खेलू एवं उनकी टीम तथा सिक्ख समाज के विद्वानों द्वारा किया गया। समारोह में समाज के वरिष्ठ नागरिकों, सरकारी कर्मचारियों, स्कूली बच्चों एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। बाइक रैली एवं भव्य शोभायात्रा के माध्यम से जिले भर में संत शिरोमणि गुरु रविदास का संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष लांझेकर प्रांतीय अध्यक्ष, अहिरवार समाज, ईश्वरी साहू(जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 14, महेंदर खनूजा अध्यक्ष, सिक्ख समाज कवर्धा, संजय लांझी पूर्व विधायक प्रतिनिधि, दीपक सिन्हा पार्षद वार्ड नं. 09, बिहारी धुर्वे पार्षद वार्ड 09 एवं 10, सौखी अहिरवार पार्षद वार्ड नं. 04 आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदू राडेकर जिलाध्यक्ष, अहिरवार समाज कबीरधाम ने की। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में अहिरवार युवा संगठन जिला कबीरधाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति के पदाधिकारी: जिलाध्यक्ष दुर्गेश बांधेकर, जिलाउपाध्यक्ष आकाश खरे, जिला सचिव अरुण बर्वे, जिला प्रभारी अमन बांधेकर, कोषाध्यक्ष गौरव बर्वे, सह सचिव सूरज कोरी, मीडिया प्रभारी राज बर्वे साथ ही, संगठन के अन्य सक्रिय सदस्य श्रीकांत खरे, राहुल लांझेकर, अर्जुन बांधेकर, लव लांझी, राजा खरे, प्रेम कोरी, ओमकार बांधेकर, समीर हठीले, साहिल बर्वे, प्रदीप चौरिया, कमल चौरिया, देव लांझी एवं अन्य ने अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# बूढ़ा महादेव मंदिर में भक्तमाल कथा का श्रवणपान करने उमड़ रही है श्रोताओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

श्री सीताराम संकीर्तन महायज्ञ के 31 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धर्म नगरी कवर्धा स्थित श्री बूढ़ामहादेव मंदिर के दिव्य प्रांगण में 26 मार्च महाशिवरात्रि से 4 मार्च 2025 तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से हरी इच्छा तक श्री भक्तमाल कथा का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मां काली शंकर की प्रेरणा से एवं भक्त शिरोमणि श्री हनुमानजी महाराज के संरक्षण में गोलोकवासी पंडित अर्जुन शर्मा के द्वारा सन 1994 में महाशिवरात्रि के दिन श्री सीताराम सकीर्तन महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। कथा के प्रथम दिवस पंडित अभिषेक महाराज के द्वारा संगीत के माध्यम से रसमयी श्री भक्तमाल कथा का श्रवण कराया गया। जिसमें भक्तमाल की महिमा बताते हए भक्त त्रिलोचनजी, भक्त अलबेलाजी की पावन कथा का वर्णन किया गया। कथा के द्वितीय दिवस श्री हित आशीष कृष्ण महाराज के मुखारविंद से भक्तप्रवर पीपाजी महाराज के चरित्र भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस अवसर पर कवर्धा नरेश योगेश्वर राज सिंह एवं उनके सुपुत्र युवराज मैकेलेश्वर राज सिंह ने पधार कर श्री भक्तमाल का पूजन कर व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया तथा अपने उद्बोधन में गोलोकवासी पंडितअर्जुन शर्मा के प्रकल्पों का स्मरण किया और सबकी मंगलकामना की। इस अवसर पर राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय भी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने श्री भक्तमाल का पूजन कर व्यासपीठ का आशीर्वाद लेकर कविता के माध्यम से श्री गङ्गाजी की महिमा सुनाई और गोलोकवासी पंडित अर्जुन शर्मा के व्यक्तित्व का उल्लेख किया, साथ ही उन्होंने गोलोकवासी पंडित अर्जुन शर्मा के द्वारा उद्घृत प्रकल्पों यथा श्री सीताराम संकीर्तन महायज्ञ, राधा माधव गौ सेवा सदन एवं संकरी गंगा व बोल बम के कार्यों को सतत एवं निर्बाध रूप से चलाए रखने का आव्हान किया।




Happy Birthday
02 March
Happy Birthday
02 March
गांव -गरीब, किसान के लोकप्रिय नेता
जिले की आन-बान-शान
मान.
नवाज़ भाई
पूर्व अध्यक्ष : जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
उत्तम सिंह ठाकुर
वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई